सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
आषाढ़ 21, शुक्रवार, *शाके 1946*-जुलाई 12, *2024*	
Asadha 21, Friday, Saka 1946- July 12, 2024	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

आदेश

जयपुर, जुलाई 10, 2024

संख्या एफ.15(34)पंरावि/विधि/मार्गदर्शन/उदयपुर/2024/ईफाईल-31660/8571389 :- स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक 2726 दिनांक 17.7.2023 के द्वारा नवगठित नगरपालिका मावली, जिला उदयपुर का गठन किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप उदयपुर जिले की पंचायत समिति, मावली का वार्ड संख्या 15 पूर्णतः नगरपालिका क्षेत्र मावली में सम्मिलित हो गया है ।

विभागीय अधिसूचना क्रमांक 602 दिनांक 14.12.2023 के द्वारा नगरपालिका मावली में सम्मिलित क्षेत्र (पंचायत समिति मावली का वार्ड संख्या 15) को पंचायती राज संस्थाओं की सीमाओं से भी पृथक कर दिया गया है, जिससे श्री दिनेश चन्द्र गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य मावली, वार्ड संख्या 15, जिला उदयपुर के पद पर निर्वाचित थे।

अतः राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-101(2)(घ) के प्रावधानानुसार अधिसूचना क्रमांक 602 दिनांक 14.12.2023 के द्वारा अपवर्जित क्षेत्र वार्ड संख्या 15 से निर्वाचित श्री दिनेश चन्द्र गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य मावली (जिला उदयपुर) को हटाया हुआ माना जाएगा ।

आज्ञा से,

रवि जैन,

शासन सचिव एवं आयुक्त।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।